स्वच्छ भारत अभियान का आयोजन

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयन्ती के सुअवसर पर दिनांक 02.10.2014 को "स्वच्छ भारत अभियान" के रुप में मनाये जाने से संबंधित भारत सरकार के निर्देश द्वारा भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद् के पत्र क्र. सं. पी. एस. सचिव/2012-भा.वा.अ.शि.प. दिनांक 30 सितम्बर 2014, के अनुपालन में उ.व.अ.सं., द्वारा "स्वच्छ भारत अभियान" का शुभारंभ किया गया।

इसके अंतर्गत संस्थान के निदेशक डॉ. यू. प्रकाशम (आई.एफ.एस.) द्वारा प्रातः 8:15 पर संस्थान के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी गणों को स्वच्छता शपथ दिलाई गई। तत्पश्चात संस्थान के निदेशक महोदय के मार्गदर्शन में सभी अधिकारी एवं कर्मचारीयों द्वारा संस्थान के परिसर तथा संस्थान से लगे हुए आस-पास के क्षेत्र जैसे गौर तिराहे तक स्वच्छता के प्रति जन-सधारण ने जागरुकता पैदा करने हेतु सफाई अभियान सम्पन्न किया गया। इसके अंतर्गत परिसर के आस-पास के क्षेत्रों में साफ-सफाई के अलावा स्थानीय व्यापारियों को अपने-अपने प्रतिष्ठानों के आस-पास एवं अन्य स्थानों पर भी स्वच्छता रखने हेतु प्रेरित किया गया।

उपरोक्त प्रतिवेदन की समस्त सामग्री संस्थान के वन विस्तार प्रभाग द्वारा प्रदाय की गई है।

स्वच्छ भारत अभियान की झलकियाँ